# मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड
## जॉब दर पर रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सेवा शर्ते

म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि0 भोपाल, के अंतर्गत मुख्यालय, क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालयों एवं अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों में जॉबदर पर सेवा प्रदाय करने हेतु इच्छुक वन विकास निगम/वन विभाग म.प्र. शासन के सेवा निवृत्त, स्वस्थ शासकीय सेवकों से कार्यालय समय में दिनांक 20 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

**जॉब दर पर आवश्यक पदों की अनुमानित संख्या का विवरण**

| क्र. | सेवा प्रदाय हेतु समकक्ष पद | मुख्यालय, भोपाल | क्षेमुमप्र, इंदौर एवं उसके अधीनस्थ कार्यालय | क्षेमुमप्र, भोपाल एवं उसके अधीनस्थ कार्यालय | क्षेमुमप्र, जबलपुर एवं उसके अधीनस्थ कार्यालय | कुल पद संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप महाप्रबंधक | 1 | | | | 1 |
| 2 | संयुक्त संभागीय प्रबंधक | | 1 | | | 1 |
| 3 | उप संभागीय प्रबंधक | | | | 1 | 1 |
| 4 | उप प्रबंधक | | | 3 | 1 | 4 |
| 5 | सहायक प्रबंधक | | 1 | 3 | 1 | 5 |
| 6 | निज सचिव/सहायक | 1 | 2 | 1 | 1 | 5 |
| 7 | परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी | | | 19 | 7 | 26 |
| 8 | सहायक परियोजना क्षेत्रपाल | | 2 | 35 | 14 | 51 |
| 9 | क्षेत्ररक्षक | | | 39 | 11 | 50 |
| 10 | वरिष्ठ लेखापाल | 3 | 4 | 9 | 5 | 21 |
| 11 | लेखापाल | 2 | 4 | 8 | 7 | 21 |
| 12 | वरिष्ठ वाहन चालक | | | 5 | | 5 |
| 13 | कार्यालय सहायक | 1 | | 7 | 3 | 11 |
| | योग | 8 | 14 | 129 | 51 | 202 |

जॉबदर पर सेवा प्रदाय करने वाले नियोजित अधिकारी को परियोजना क्षेत्रपाल पद के विरूद्ध मुख्य रूप से कार्यालयीन कार्य, क्षेत्रीय कार्यो के अनुश्रवण/मूल्यांकन तथा कार्य आयोजना से संबंधित कार्य संपादित करने होगें।

जॉबदर पर नियुक्ति के लिए मापदंड निम्नानुसार है :—

1. आवदेक म.प्र. राज्य वन विकास निगम/ वन विभाग म.प्र. शासन, का दिनांक 31.07.2024 तक सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी होना चाहिये।

2.(अ) जो आवेदक क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक भोपाल कार्यालय एवं उसके अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों (विदिशा—रायसेन, सीहोर, लामटा—बालाघाट एवं बरघाट—सिवनी परियोजना मण्डलों) के कार्यालयीन/क्षेत्रीय पदों पर सेवा प्रदाय करने हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय, भोपाल म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि0, वनिता नर्सरी परिसर, जवाहर बाल भवन के पास, तुलसी नगर भोपाल (म.प्र.) पिन—462003 में आवेदन करना होगा।

(ब) जो आवेदक म.प्र.राज्य वन विकास निगम लि. के मुख्यालय भोपाल के पदों पर सेवा प्रदाय करने हेतु आवेदन करना चाहते है, उन्हें क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय, भोपाल म.प्र.राज्य वन विकास निगम लि. वनिता नर्सरी परिसर, जवाहर बाल भवन के पास, तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) पिन—462003 में आवेदन करना होगा।

(स) जो आवेदक क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक इंदौर कार्यालय एवं उसके अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों (छिंदवाड़ा, रामपुर भतौड़ी—बैतूल एवं खण्डवा परियोजना मण्डलों) के कार्यालयीन/क्षेत्रीय पदों पर सेवा प्रदाय करने हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय, इंदौर म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि0, वन परिसर, नवरतन बाग, बीएसएनएल कालोनी के सामने, इंदौर (म.प्र.) पिन—452001 में आवेदन करना होगा।

(द) जो आवेदक क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक जबलपुर कार्यालय एवं उसके अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों (कुण्डम—जबलपुर, उमरियां, मोहगांव—मण्डला एवं रीवा—सीधी परियोजना मण्डलों) के कार्यालयीन/क्षेत्रीय पदो पदों पर सेवा प्रदाय करने हेतु आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय, म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि0, 451 संजीवनी नगर,गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) में आवेदन करना होगा।

3 संबंधित अधिकारी/कर्मचारी का सेवा निवृत्ति के पूर्व के अंतिम 5 वर्षो के गोपनीय प्रतिवेदन समग्र रूप से **बहुत अच्छा** श्रेणी या उससे उच्च श्रेणी के होने चाहिए।

4. संबंधित सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी के विगत 5 वर्षो के सेवाकाल दौरान किसी भी समय उनकी निष्ठा पर कोई संदेह/आक्षेप एवं दंडित न किया गया हो।

5. जॉबदर पर सेवा प्रदाय करने हेतु रखे जाने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी म.प्र. राज्य वन विकास निगम के सभी कार्यालयों एवं संभागीय कार्यालयों में कार्य करने के लिए सहमत होने चाहिए।

6. आवेदक की आयु दिनांक 01 अगस्त, 2024 को 64 वर्ष से अधिक न हो।

7. जॉबदर पर सेवा अवधि एक बार में एक वर्ष के लिए दी जावेगी। एक वर्ष उपरान्त सेवा प्रदाय करने वाले नियोजित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषप्रद होने पर एवं अधिकारी/कर्मचारी की सहमति रहने पर जॉब दर नीति अनुसार कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। एक बार में एक वर्ष की वृद्धि दी जा सकती है। कार्यकाल में वृद्धि करने का अधिकार प्रबंध संचालक को होगा।

8. जॉबदर पर सेवा प्रदाय करने हेतु नियोजित अधिकारी/कर्मचारी को कार्य एवं पद के अनुरूप निगम द्वारा निर्धारित जॉबदर के अनुसार राशि देय होगी। वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी के लिए जॉबदर शासन के निर्देशानुसार उन्हें सेवानिवृत्त के समय धारित पद पर देय कुल परिलब्धि में से पेंशन की राशि कम करके शुद्ध परिलब्धियों को 26 कार्य दिवस में विभाजित कर प्रति दिवस 6 घंटे 30 मिनिट कार्य अवधि के मान से प्रति घंटा के अनुसार जॉबदर का निर्धारण किया जाएगा।

9. जॉबदर पर सेवा प्रदाय करने हेतु नियोजित में रखे गये अधिकारी/कर्मचारी अपनी आयु के अधिकतम 65 वर्ष तक कार्य कर सकेंगे। निगम को आवश्यकता न होना या सीधी भर्ती/पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति से पदो की पूर्ति होने पर एक माह का नोटिस देकर जॉबदर पर नियोजित अधिकारी/कर्मचारी को कार्य से मुक्त किया जा सकता हैं। जॉबदर पर नियोजित अधिकारी/कर्मचारी भी यदि कार्य करने के इच्छुक न हो तो एक माह का नोटिस या एक माह का पारिश्रमिक देकर कार्य छोड़ सकता है।

10. सीधी भर्ती/पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति से पदो की पूर्ति होने की स्थिति में अथवा जॉबदर पर सेवा हेतु नियोजित अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्य व्यवहार, अनुशासन या स्वास्थ्य आदि संतोषप्रद न होने पर एक माह की पूर्व सूचना या एक माह के पारिश्रमिक का भुगतान कर सेवायें समाप्त की जा सकेगी।

11. जॉबदर पर सेवा हेतु नियोजित अधिकारी/कर्मचारी को यात्रा भत्ता की पात्रता समकक्ष पद के अधिकारियों/कर्मचारियों के समान नियमानुसार प्रभावशील होगी।

12. जॉबदर पर सेवा हेतु नियोजित सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी को शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी स्वस्थ्यता का प्रमाण पत्र देना होगा।

13. जॉबदर पर सेवा हेतु नियोजित अधिकारी/कर्मचारी को निगम का आवास गृह आवंटन की पात्रता नही होगी और न ही उन्हें गृह भाड़ा भत्ता या अन्य कोई भत्ता देय होगा।

14. जॉबदर पर परियोजना क्षेत्रपाल एवं उससे वरिष्ठ कार्यपालिक पद पर सेवा हेतु नियोजित अधिकारी को सहायक संवितरण/संवितरण का अधिकार नही होगा और वनों से संबंधित वैधानिक कार्य करने का अधिकार नही होगा। उक्त कार्यों के अतिरिक्त प्रबंधन द्वारा सौंपे गये सभी कार्य उक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को संपादित करने होगें।

15. विज्ञापन में उल्लेखित पदों की संख्या अनुमानित है और उसमें परिवर्तन हो सकता है।

16. वन विकास निगम/वन विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के आवेदन पर उन्हें जॉबदर पर रखने/नही रखने का अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लि0 का होगा।

17. सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी को केवल निगम मुख्यालय/किसी एक क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय व अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों के लिये निर्धारित पदों में से एक पद के लिये सशुल्क आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ रू. 1000/– की शुल्क राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य वन विकास निगम लि., भोपाल के नाम देय होगा, संलग्न करना होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा।

प्रबंध संचालक

फोटो

# म.प्र. राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

## आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम :

2. पिता/पति का नाम :

3. जन्मतिथि :

4. वर्तमान पता :

5. पद जिसके लिए आवेदन किया जा रहा हैं। :

6. सेवा निवृत्त होने का दिनांक :

7. सेवा निवृत्ति के समय धारित पद :

8. सेवा निवृत्ति के समय वेतनमान :
(अंतिम वेतन प्रमाण पत्र/पेंशन आदेश की छायाप्रति संलग्न करें)

9. कार्यालय का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुये हैं। :

10. मूल विभाग का नाम (वन विकास निगम/वन विभाग) :

11. कार्यालय जहां आवेदन किया जा रहा हैं। :

12. सेवानिवृत्ति तिथि से पूर्व के 7 वर्षो में कार्यरत् अवधि का निम्न प्रारूप में जानकारी दें :

| अनुक्रमांक | विगत 7 वर्ष की कार्य अवधि में पदस्थापना की जानकारी | कार्यालय का नाम जिसके अधीन कार्यरत् रहे | पद का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

13. सेवा निवृत्ति के पूर्व विगत 05 वर्षो के दौरान यदि कोई दण्ड दिया गया हो तो उसका विवरण दें। :

14. क्या विभागीय जांच/अपराधिक प्रकरण लंबित है? यदि हॉ तो विवरण दें। :

15. आवेदन के साथ रू.1000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट जिसका विवरण निम्नानुसार संलग्न है
ड्राफ्ट क्रमांक दिनांक बैंक का नाम

16. फोन/मोबाईल नम्बर :

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा निगम की निर्धारित शर्तो का भलीभांति पूर्वक अध्ययन किया गया है एवं उन्हें मान्य करता हूं। मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य है एवं मेरे द्वारा निगम मुख्यालय/किसी एक क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय व अधीनस्थ संभागीय कार्यालयों के लिये निर्धारित पदों में से एक पद के लिये सशुल्क आवेदन किया है।

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर